**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Contempt Petition No. 289/2019

Kailash Chandra Ghusar S/o Shri Ganni Ram

----Petitioner

Versus

Shri Bhawani Singh Detha,

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Gaurav Sharma |
| For Respondent(s) | : | Ms. Ritika Naruka on behalf of Mr. S.S. Naruka, AAG |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR**

**Order**

**23/02/2026**

प्रकरण में याची द्वारा रिट याचिका के माध्यम से मुख्यतः यह विवाद उत्पन्न किया गया है कि उन्हें सीनियर स्केल दिनांक 31.03.2006 को देय किया गया था और दिनांक 31.07.2015 को वह सेवानिवृत्त हो गया।

विद्वान् अधिवक्ता याची का तर्क है कि तर्क है कि याची को बिना किसी उचित कारण के उसको देय सिलेक्शन स्केल से वंचित किया गया है और याची सिलेक्शन स्केल प्राप्त करने का अधिकारी है। उनका यह भी तर्क है कि याची द्वारा यूजीसी की शर्तों के अनुसार रिफ्रेशर कोर्स में सम्मिलित होने हेतु कई बार संबंधित प्रधानाध्यापकों के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किए गए, परंतु विभाग द्वारा कोई रिफ्रेशर कोर्स आयोजित नहीं कराया गया और समय–समय पर विभाग द्वारा रिफ्रेशर कोर्स आयोजित करने के संदर्भ में उन्मुक्ति (Relaxation) दिए जाने के आदेश भी पारित किए गए हैं।

अधिवक्ता प्रत्यर्थी का तर्क है कि याची द्वारा विभाग द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार रिफ्रेशर कोर्स में भाग नहीं लिया गया है और उसी के आधार पर उसको सिलेक्शन स्केल दिया जाना संभव नहीं था।

उपरोक्त संदर्भ में संबंधित प्रत्यर्थीगण को यह आदेश दिया जाना न्यायोचित प्रकट होता है कि वह इस तथ्य को स्पष्ट करें कि वर्ष 2006 से याची की सेवानिवृत्ति के मध्य उनके द्वारा कब–कब रिफ्रेशर कोर्स आयोजित

किए गए और याची उक्त रिफ्रेशर कोर्स में सम्मिलित होने का अवसर होने के उपरांत भी वह उक्त रिफ्रेशर कोर्स में उपस्थित नहीं हुआ, साथ ही प्रत्यर्थीगण इस संदर्भ में भी अपना स्पष्ट शपथपत्र प्रस्तुत करें कि रिफ्रेशर कोर्स के संदर्भ में कौन–कौन से वर्ष में उन्मुक्ति (Relaxation) स्पष्टतः प्रदान किया गया है और क्या याची उक्त उन्मुक्ति (Relaxation) के अंतर्गत आता है या नहीं। यदि अतिरिक्त शपथपत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उक्त सिविल अवमानना याचिका का नियमानुसार निस्तारण किया जावेगा।

प्रकरण दो सप्ताह उपरांत सूचीबद्ध हो।

(PRAVEER BHATNAGAR),J

MOHIT/ 106